आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 16.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण में 25 जिलों की ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए वोटिंग जारी–आज देर रात तक नतीजों की घोषणा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से फिलीपींस के दौरे पर– कल वे 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- सूर्य उपासना और छठी मैया को समर्पित लोक आस्था का पर्व छठ आज सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ।
- राज्य में कई स्थानों पर हुई बारिश के बाद तापमान में थोडी गिरावट से सर्दी का असर बढ़ा।

000

प्रदेश के 25 जिलों की 3 हजार 747 ग्राम पंचायतों में आज सरपंच और 33 हजार 885 वार्ड पंचों के लिए मतदान हो रहा है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो शाम छह बजे तक चलेगा। इसके तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी और देर रात तक सरपंच पदों के परिणाम आने की संभावना है। इस चरण में सरपंच पद के लिए कुल 22 हजार 158 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 48 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं, 3 हजार 246 ग्राम पंचायतों में दो से नौ उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। 439 पंचायतों में 10 से 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि 12 पंचायतों में 20 से 29 उम्मीदवार मैदान में हैं। सवाई माधोपुर की एक ग्राम पंचायत में 30 से अधिक उम्मीदवार हैं। श्रीगंगानगर में सर्वाधिक 307 ग्राम पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं। करौली जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज फिलीपींस की राजधानी मनीला के लिए रवाना हो रहे हैं। वे कल राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अपनी यात्रा से पहले जारी वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि आसियान देशों के साथ भारत के संबंध उसकी एक्ट ईस्ट नीति का प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान के बीच व्यापार, संपर्क, समुद्री सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और जनसंपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी लगातार मजबूत हुई है।
प्रधानमंत्री फिलीपींस में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा आसियान के साथ भारत की साझेदारी को नई ऊर्जा देगी।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति और भारतीय लोक संस्कृति की सुंदर अभिव्यक्ति है। वे जयपुर के शास्त्री नगर में भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता–2026 के समापन समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन

राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

000

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस लोकतंत्र को मजबूत बनाने में स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की भूमिका को रेखांकित करता है। 16 नवम्बर 1966 को भारतीय प्रेस परिषद ने कामकाज शुरू किया था। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। प्रेस परिषद का उद्देश्य पत्रकारिता के उच्च मानकों और नैतिक मूल्यों को बनाए रखना है। इस वर्ष समारोह की थीम **'पत्रकारिता – लोकलुभावन या जिम्मेदार'** रखी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों, छायाकारों और मीडिया जगत से जुड़े सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी सच सामने लाने और समाज की आवाज बनने में पत्रकारों की भूमिका सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

000

सूर्य उपासना और छठी मैया को समर्पित लोक आस्था का पर्व छठ आज सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाटों पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। कई स्थानों पर कृत्रिम घाट बनाए गए। सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे करने के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा किया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने पूजन किया और छठी मैया के गीत गाए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ महापर्व के समापन पर छठी मैया की पूजा–अर्चना की। सोशल मीडिया संदेश में श्री मोदी ने कहा कि प्रकृति को समर्पित इस दिव्य पर्व में दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने प्रार्थना की कि छठ का व्रत करने वाले सभी श्रद्धालुओं और देशवासियों पर मैया की कृपा बनी रहे।

000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर हुई बारिश के बाद तापमान में थोडी गिरावट से सर्दी का असर बढ़ा है। तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले चार–पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। आगामी दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में और गिरावट हो सकती है, जिससे सर्दी का असर बढ़ेगा। आज अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं। इस बीच कल चित्तौड़गढ़ में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 36 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो माउंट आबू में 12 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

000

जयपुर यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दिन में 3 हजार 727 चालान काटे हैं। इनमें 2 हजार 735 वाहन नो–पार्किंग में खड़े पाए गए। यह कार्रवाई शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस उपायुक्त प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पर्यटन सीजन के

दौरान शहर में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से यातायात का दबाव बढ़ गया है। मुख्य मार्गों पर बेतरतीब पार्किंग से आमजन को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000